भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 29.11.2023

संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण बैठक में आरेडिका ने किया प्रतिभाग

प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी के संयोजन में दिनांक 28.11.2023 को संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति की निरीक्षण बैठक का आयोजन प्रयागराज में किया गया जिसमें आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा के नेतृत्व में राजभाषा विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता की।

महाप्रबंधक महोदय, ने राजभाषा को विकसित करने के लिए आरेडिका के राजभाषा विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयास के संबंध में समिति के सदस्यों को अवगत कराया। आगे उन्होने कहा कि आरेडिका की स्थापना के साथ ही राजभाषा में कार्य प्रारम्भ कर दिए थे जिसके तहत आरेडिका में एक राजभाषा विभाग बनाया गया, इस विभाग के सफल संचालन हेतु प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी को मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं सहायक सामग्री प्रबंधक को राजभाषा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया । जो रेलवे कर्मचारियों को अधिकाधिक हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

निरीक्षण बैठक में माननीय संयोजक महोदया ने बताया कि हमारा यह क्षेत्र क वर्ग के अंतर्गत आता इसलिए हमारे आस–पास के रेलवे जोनों में हिंदी का अच्छा उपयोग होना चाहिए तथा हम राजभाषा की प्रगति के लिए ऐसा कार्य कर रहे हैं जिससे अधिकाधिक लोगों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरणा मिल सके तथा संसदीय राजभाषा समिति के नियमों का अनुपालन सुनिश्चित हो सके।

मुख्य राजभाषा अधिकारी ने बताया कि संसदीय राजभाषा समिति ने कुछ बिन्दुओं पर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया जिनका आरेडिका में शीघ्र ही अनुपालन किया जाएगा।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान वित्त सलाहकार श्री हमीम अहमद, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी व मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री रूपेश श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी श्री राजेश कुमार, जनसंपर्क अधिकारी श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव आदि ने प्रतिभाग किया।

29/11/2023

(आर.एन.तिवारी)

मुख्य जन–संपर्क अधिकारी